अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 28 अक्तूबर 2023
आश्विन पूर्णिमा
विक्रम संवत-2080

PAGE NO, 09, MIDDLE BOTTOM

# 'पड़ोसन-एक श्रद्धांजलि' में भोला ने जीता बिंदु का दिल

बरेली। रिद्धिमा सभागार में आयोजित थिएटर फेस्टिवल 'इंद्रधनुष' में शुक्रवार को दिल्ली के 5 एलिमेंट्स थिएटर के कलाकारों ने 'पड़ोसन-एक श्रद्धांजलि' नाटक का मंचन किया। मुख्य अतिथि साईं मंदिर की संरक्षक नीता कुदेशिया रहीं। एसआरएमएस ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. अनुज कुमार ने मंचन का शुभारंभ किया। यह नाटक 60 के दशक में रिलीज हुई फिल्म पड़ोसन पर आधारित है। अजय चौधरी का लिखा और राखी मानव निर्देशित यह नाटक सीधे-सादे युवक भोला की कहानी है। जब उसे पता लगता है कि मामा दूसरा विवाह करना चाहते हैं तो वह उनका घर छोड़ मामी के घर चला जाता है। यहां उसका झगड़ा पड़ोस में रहने वाली खूबसूरत युवती बिंदु से होता है। बिंदु संगीत मास्टर पिल्लई को पसंद करती है, जो उसे नृत्य और संगीत सिखाने आता है। बेसुरा भोला गुरु विद्यापति से संगीत सीखने का असफल प्रयास करता है, लेकिन नाटक मंडली के दोस्तों की मदद से बिंदु का दिल जीतने में कामयाब हो जाता है। शनिवार को शाम चार बजे से नाटक ''दास्तान ए गुरुनानक'' का मंचन किया जाएगा। संवाद